राशिद हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने आखिरी विकेट के लिए 24 रन की साझेदारी करने का श्रेय राशिद और वुड को भी दिया।
– जोस बटलर

इंग्लैंड के कप्तान, आदिल राशिद के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **स्टीव स्मिथ**

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे तेज शतक ठोका। उन्होंने गॉल के मैदान पर स्टंप्स तक 188 गेंदों में 10 चौकें और 1 छक्के के दम पर नाबाद 104 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 35वां शतक है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले प्लेयर्स की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं वो इस एलीट लिस्ट में सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं 35 वर्षीय स्मिथ ने पारियों के लिहाज से सबसे तेज 35 टेस्ट शतक कंप्लीट करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर एंट्री मारी है।

क्या आप जानते हैं ?... कोहली 36 वर्ष के हो चुके हैं, उनके नाम 123 टेस्ट मैच हैं, 30 शतक हैं और पिछले पाँच वर्षों में केवल तीन शतक बनाने के बावजूद उनका औसत 46.85 है।

आईसीसी के सीईओ ज्यॉफ एलार्डिस ने दिया इस्तीफा

दुबई, 29 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी (सीईओ) ज्यॉफ एलार्डिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया हैं। इस्तीफे के बाद एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के मुख्य

कार्यकारी पद पर रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों के लिए व्यवसायिक आधार तैयार करना। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्य और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए अपार समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभेच्छाएं देता हूं।

एक ही परिवार के तीन बच्चे सम्मानित

जयपुर, 29 जनवरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाड़मेर में एक ही परिवार के तीन बच्चों को खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर जिला प्रशासन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित

किया है। मरुधर लोक कला केंद्र , बाड़मेर के सचिव नरेंद्र तनसुखानी ने बताया की स्थानीय निवासी तरुण कुमार सोनी की पुत्री लुभांसी सोनी, पुत्र अभिषेक सोनी और पुत्री निशा सोनी ने दिसंबर 24 और जनवरी 24 में हैदराबाद में आयोजित सब जूनियर नेशनल बास्केटबाल चैम्पियनशिप और भावनगर गुजरात में आयोजित सीनियर चैम्पियनशिप में भाग लेकर बाड़मेर का नाम रोशन किया। इनके कोच गेमर सिंह थे। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में रोजगार और उधमिता मंत्री के के विश्नोई और जिला कलेक्टर टीना डाबी ने तीनों को सम्मानित किया।

नन्हें खां मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग : नीरजा मोदी की जीत में मोहम्मद गाजी का पंजा

जयपुर, 29 जनवरी। 4 नन्हें खा मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में संस्कार ग्राउंड पर आज खेले गए मैच में नीरजा मोदी ने जयपुर ब्लूज़ को 10 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन जैन 48 रन, श्रेय सक्सेना 29 रनों के सहयोग से 35 ओवर में 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नीरजा मोदी की ओर से मोहम्मद गाजी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 30 रन ओर 5 विकेट लिए। विनय चौधरी,अमित वर्मा ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीरजा मोदी ने अर्णव गौतम 44, तरुण शर्मा 56 रनों के सहयोग से 16 ओवर में 150 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद गाजी रहे।

राज्य स्तरीय अंडर-14 यूथ कप

अरावली क्लब व के.एल. सैनी एकेडमी फाइनल में

जयपुर, 29 जनवरी। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए सेमी फाइनल मैच में अरावली क्लब ने जी आर एकेडमी को एक विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा दूसरे सेमी फाइनल में के एल सैनी एकेडमी ने जी ए एकेडमी अलवर को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आज जी आर ग्राउंड पर खेले गए मैच में जी आर एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आदित्य यादव के 56 रन, पार्थ यादव के 48 रन व प्रतीक चौधरी के 22 रन से 45 ओवर में 199 रन बनाए। अरावली क्लब के लिए हर्षित ने 36 पर 3, रजत व संजीव ने 2 - 2 विकेट लिए।जवाबी पारी में अरावली क्लब की टीम ने अंशु के 28 रन, हार्दिक के 22, रन, परम सिंह के 32 रन, राकेश के 30 रन व संजीव के 34 रनों से 44.2 ओवर में 9 विकेट पर 203 रन बनाकर मैच जीत पर लिया। जी आर एकेडमी के लिए प्रतीक चौधरी ने 36 पर 3, मोहित मनोहर ने 29 पर 2, गौरव पुनिया व भीष्म चेलानी ने 1- 1 विकेट लिया। दूसरे मैच में अरावली ग्राउंड पर जी ए एकेडमी अलवर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आरव अरोड़ा के 80 रन, तविश 20 रन व युवराज के 19 रनों से 44 ओवर में 165 रन बनाए। के एल सैनी एकेडमी के लिए सुमित चौधरी ने 34 पर 4, श्रेष्ठ आर्य ने 43 पर 3 विकेट, कार्तिक व भावेश ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में के एल सैनी एकेडमी की टीम ने रमन चौधरी के 65 रन, आयुष के 24 रन व मितुल सैनी के 28 रन नाबाद से 42.1 ओवर में 7 विकेट पर 166 रन बनाकर मैच जीत लिया। जी ए एकेडमी अलवर के लिए आरव अरोड़ा ने 33 पर 2, रिहान, तविश व काव्य बत्रा ने 1-1 विकेट लिया।

तिलक ने हासिल की अपनी बेस्ट ट्वंटी-20 रैंकिंग

नई दिल्ली, 29 जनवरी। तिलक वर्मा ने भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है। तिलक वर्मा ने तीन मैचों में 109 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक मुकाबले में नाबाद 72 रनों की बेहतरीन पारी भी खेली। तिलक शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। ये तिलक के करियर की बेहतरीन बेस्ट रैंकिंग है।

रोहित और श्रेयस रणजी मैच में खेलते हुए नहीं आएंगे नजर

मुंबई, 29 जनवरी। मुंबई का रणजी ट्रॉफी 2024-25 में अगला मैच मेघालय से है। ये मुकाबला 30 जनवरी से मुंबई में खेला जाएगा। इसके लिए उसने टीम की घोषणा कर दी है। लेकिन मुंबई की टीम में रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को जगह नहीं मिली है। ये तीनों ही खिलाड़ी मुंबई टीम से बाहर हैं, इसका एक अहम कारण अब सामने आया है।टीम इंडिया जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी शुरू करेगी। उसे इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है।

रोहित, यशस्वी और अय्यर को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में शामिल किया गया है। लिहाजा ये खिलाड़ी अब टूर्नामेंट की तैयारी शुरू करेंगे। इसी कारण से रणजी ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई ने इसी वजह से इन तीनों को टीम से बाहर रखा है।रोहित शर्मा और टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। यशस्वी जायसवाल भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। ये खिलाड़ी मुंबई के लिए रणजी मैच में खेले, लेकिन रोहित और अय्यर का यहां भी बल्ला नहीं चला। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ये सभी खिलाड़ी तैयारी शुरू करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी।

मेघालय के खिलाफ मुंबई टीम इस प्रकार है- अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सिद्धेश लाड, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, श्रेयस गुरव, अथर्व अंकोलेकर।

पार्थिव का बयान : हार्दिक के कारण टीम के बाकी बल्लेबाजों को नुकसान

नई दिल्ली, 29 जनवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच खेला गया। जिसमें भारत को 26 रन से हार झेलनी पड़ी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 171 रन बनाए और राजकोट में भारतीय टीम 172 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन हार्दिक पंड्या ने बनाए। उनके बल्ले से 40 रन निकले। इसके बावजूद पूर्व खिलाड़ी पार्थिव पटेल ने इस भारतीय ऑलराउंडर के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, पटेल के मुताबिक मैच के दौरान हार्दिक पंड्या ने बीच के ओवर्स में स्ट्राइक रोटेट नहीं की। उन्होंने कई बार सिंगल लेने से इनकार किया। वह ज्यादा गेंदे खेले इसके कारण बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बना। पार्थिव के मुताबिक टीम इंडिया को हार्दिक पंड्या के बल्लेबाजी की अप्रोच को लेकर सोचना चाहिए।

आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स ने लॉन्च की नई जर्सी

नई दिल्ली, 29 जनवरी। आईपीएल 2025 का आगाज 21 मार्च से होगा। इस बीच लगभग सारी टीमों ने अपनी तैयारियों को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। बहरहाल राजस्थान रॉयल्स ने अपनी नई जर्सी लॉन्च की है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है। इस पोस्ट में नई जर्सी को देखा जा सकता है। हालांकि, इस नई जर्सी में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हैं।

वहीं इस वीडियो में जयपुर की झलक साफतौर पर देखने को मिली। साथ ही फ्रेंचाइजी का कहना है कि इस नई जर्सी में राजस्थान के कण-कण के इतिहास की झलक देखने को मिलेगी। राजस्थान रॉयल्स के वीडियो में नए हेड कोच राहुल द्रविड़ भी नई जर्सी में दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा शेन वॉर्न, शेन वॉटसन, स्टीव स्मिथ, जोस बटलर के अलावा रविचंद्रन अश्विन का भी नाम उन्होंने अपनी नई जर्सी के लॉन्च वीडियो में दिखाया है।

सोशल मीडिया पर राजस्थान रॉयल्स का पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।पिछले 2 सीजन में संजू सैमसन की अगुवाई में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। लेकिन टाइटल तक पहुंचने में टीम नाकामयाब रही है। इस बार राजस्थान रॉयल्स की नजरें खिताब के सूखे को खत्म करने पर होंगी।

ख्वाजा और स्मिथ के शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई मैच पर मजबूत पकड़

गाले (श्रीलंका), 29 जनवरी। उस्मान ख्वाजा (नाबाद 145) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 104) की शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को दो विकेट पर 330 रनों बना कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। आज यहां टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान ख्वाजा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 92 रन जोड़े। 15वें ओवर में प्रभात जयसूर्या ने ट्रेविस हेड को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ट्रेविस हेड ने 40 गेंदों में 10 चौके और एक

छक्का लगाते हुए (57) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्नस लाबुशेन महज (20) पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। जेफ्री वैंडरसे ने आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान स्टीव स्मथ ने ख्वाजा के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये अपने-अपने शतक पूरे किये। उस्मान ख्वाजा ने 210 गेंदा में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 147) रन बनाये। वही स्टीव स्मिथ ने 188 गेंदा में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 104) रन बनाये। इसी दौरान स्टीव स्मिथ ने अपने 10 हजार टेस्ट रन पूरे किए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन गये।

बच्चे ने पूछा, इंडियन क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना होगा

नई दिल्ली, 29 जनवरी। विराट कोहली इन दिनों रणजी ट्रॉफी 2024-25 के लिए जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। कोहली दिल्ली के लिए 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेले जाने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे। मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे। मुकाबले से पहले भारतीय बल्लेबाज से दिल्ली अरुण जेटली स्टेडियम में प्रैक्टिस के दौरान एक बच्चे ने पूछा कि इंडियन क्रिकेटर बनने के लिए क्या करना पड़ेगा? इस सवाल का कोहली ने

बड़ा ही शानदार जवाब दिया। ये सवाल कोहली के बचपन के दोस्त के बेटे ने पूछा। कोहली ने बच्चे को जवाब देते हुए कहा कि, बहुत हार्ड वर्क करना पड़ेगा। पापा को आपको प्रैक्टिस और ट्रेनिंग के लिए नहीं बोलना पड़ेगा। आपको खुद सुबह उठकर प्रैक्टिस के लिए जाना है। खुद ट्रेनिंग के लिए जाना है, अगर कोई एक घंटा प्रैक्टिस करता है तो आप दो घंटा प्रैक्टिस करो। एक ही तरीका है बस। कोहली ने आगे कहा कि, कोई अगर फिफ्टी बनाता है, तो आप हंड्रेड बनाओ।

38वें राष्ट्रीय खेल के पहले दिन एक्वेटिक में कर्नाटक का दबदबा

हल्द्वानी/देहरादून, 29 जनवरी। कर्नाटक के तैराकों ने 38वें राष्ट्रीय खेल के एक्वेटिक के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और पांच स्वर्ण पदक जीतकर और एक नया मीट रिकॉर्ड बनाकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। यह रोमांचक मुकाबले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में हुए।

एफआईएच प्रो. लीग 2025 : भुवनेश्वर चरण के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

नई दिल्ली, 29 जनवरी। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम में चुना गया है जबकि युवा फॉरवर्ड सोनम को भी स्टैंडबाय के रूप में जगह मिली है। भारत को 15 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से दो दो बार खेलना है। भारतीय टीम की कमान एक बार फिर सलीमा टेटे के हाथ में होगी जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान होंगी।

महिला अंडर-19 विश्वकप : श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया और नाइजीरिया ने आयरलैंड को हराया

बांगी, 29 जनवरी। महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबलों में बुधवार को श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 12 रनों से हराया। वहीं दिन के एक अन्य मुकाबले में नाइजीरिया की टीम ने शानदार प्रर्शन करते हुए आयरलैंड को छह रनों से शिकस्त दी। आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट

पर 98 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी ने टीम के लिए सर्वाधिक (19) रन बनाये। सुमुदु निसानसाला (18), कप्तान मनुडी नानायक्कारा (15) और हिरुनी हंसिका (14) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंचा सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लिली बैसिंगथवेइट ने तीन विकेट लिये। हसरत गिल और टेगन विलियमसन ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

लीजेंड 90 लीग ने टूर्नामेंट के लिए टीमों की घोषणा की

रायपुर, 29 जनवरी। क्रिकेट के पूर्व दिग्गज की लीजेंड 90 लीग ने छह से 18 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए सभी सात फ्रेंचाइजी टीमों की घोषणा कर दी है। इस लीजेंड 90 लीग में छत्तीसगढ़ वारियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स सहित सात टीमों में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच आदि जैसे क्रिकेट के दिग्गज शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ वारियर्स में मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायुडू जैसे मार्का खिलाड़ी हैं, जबकि दिल्ली रॉयल्स में रॉस टेलर के साथ शिखर धवन हैं। हरियाणा ग्लेडिएटर्स की कमान हरभजन सिंह के हाथों में होगी, जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राजस्थान शूटिंग : देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए 20 एथलीटों का चयन

जयपुर, 29 जनवरी। राजस्थान राइफल एसोसिएशन को 20 प्रतिभाशाली एथलीटों के चयन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है जोकि देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे है। यह आयोजन दिनांक 28 जनवरी 2025 से 14 फ़रवरी 2025 तक आयोजित किये जायेंगे।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश भर के शीर्ष निशानेबाजों की भागीदारी होगी और राजस्थान का दल राष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। आयोजन के प्रारम्भ में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्तौल मेन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे राज्य के प्रतिभाशाली निशानेबाज भावेश शेखावत ने भाग लिया और फाइनल्स के सिलेक्शन में अपनी जगह भी बनाई पर मैच के अंत में निराशा का सामना करना पड़ा और मैडल के लिए दावेदारी साबित नहीं कर सके। इसके साथ ही महिला खिलाडी निशा कॅवर 10 मीटर एयर राइफल की महिला खिलाडी है वो फाइनलस में अपनी जगह नहीं बना सकी।

डेनियल को हराकर किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में

पथुमवान (थाईलैंड), 29 जनवरी। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां निमिबुत्र स्टेडियम में भारतीय शटलर श्रीकांत ने इजरायल के डुबोवेंको को बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 मैच में 21-13,21-18 से हराया। प्री क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत का मुकाबला हांगकांग के जेसन गुनावान से होगा। इसके अलावा शंकर सुब्रमण्यन ने पुरुष एकल में, रुबन कुमार-हरिहरन अम्साकरुनन (पुरुष युगल) में और रोहन कपूर-रुथविका शिवानी (मिश्रित युगल) में और रक्षिता रामराज ने भी बुधवार को जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

16 साल की उम्र में घर से दिल्ली भाग कर एक्टिंग करने के लिए कोर्स कर कसानी थिएटर में भी कई प्रोग्राम किये

जयपुर, 29 जनवरी। डायनामिक्स अचीवर्स ने 28 जनवरी (बुधवार) को जयपुर को 9-7 से हराया। डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से अभिमन्यु पाठक ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए 7 गोल कर टीम को जीताया था। आज 29 जनवरी को भी डायनामिक्स अचीवर्स ने सुजान इंडियन टाईगर्स को 9-2 से हराया। जिसमे डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से अभिमन्यु पाठक ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए 9 गोल कर टीम को जीताया।

पोलो खिलाड़ी अभिमन्यु पाठक 16 साल की उम्र में घर से दिल्ली भाग कर एक्टिंग करने के लिए कोर्स किया। कसानी थिएटर में भी कई प्रोग्राम किये पर वहां भी कुछ बात नही बनी। कॉल सेंटर में नौकरी भी की पर मैन कुछ कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ना चाहता था। तब मैंने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जाकर पोलो सीखा और खेला भी। वहां पर मैने घोड़ो के बीच रह कर उनकी देखभाल करना, खानपान सीखा जो आज मेरे जीवन की दिशा तय कर रहा है।

अचीवर्स से जुड़ने के सवाल पर अभिमन्यु ने कहा कि जब मैं सोना पोलो की ओर से खेलता था तो सहारा के खिलाफ भी खेला ओर जीत भी हासिल की। एक समय इस आया कि सोना के मालिक संजय कपूर ने पोलो खेलना बंद कर दिया था। तब विक्रम राठौड़ ने मुझे अपने साथ खेलने के लिए जोड़ा। आज मैं डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से अपना बेहतरीन खेल - खेल पा रहा हूँ।

पेशेवर पोलो खिलाड़ी अभिमन्यु पाठक ने पोलो को लेकर कहा कि भारत में पोलो खेलने के लिए या तो आपका अमीर होना जरूरी है या फिर सेना में होना जरूरी है। क्योंकि हर कोई इस खेल का खर्चा बर्दाश्त नही कर सकता है। कोच, घोड़ो की खरीदारी, रखरखाव, खानपान, आदि, खर्चे होते रहते है, बड़ा ही महंगा खेल है होर्स पोलो।

मुझे आदमी और घोड़े के बीच का तालमेल बहुत पसंद है। यह एक उच्च रखरखाव वाला खेल है जिसके लिए अच्छी नस्ल के घोड़ों, अच्छी तरह से पाले गए मैदान और प्रशिक्षित घुड़सवारों की आवश्यकता होती है।घोड़ों और खेल के प्रति उसका प्यार उसे प्रेरित करता है। अभिमन्यु कहते है कि कैसे एक पोलो मैच देखने से उसे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा मिली। मैंने तभी फैसला किया था कि मैं एक पोलो प्लयेर बनकर ही रहूंगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पोलो ने एक खेल के रूप में उनके व्यक्तित्व को बदल दिया है और निखार दिया है, जिससे उनके जीवन को एक नया दृष्टिकोण मिला है।

पाठक अपने घोड़े से बहुत प्यार करते हैं और इस जानवर के प्रति उनके मन में अपार प्रेम है। उनके पसंदीदा खिलाड़ी क्रिकेट के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर हैं। अभिमन्यु पाठक ने इंग्लैंड में काफी प्रशिक्षण लिया है और उनके वर्तमान कोच ब्रिटिश मूल के जॉन हॉर्सवेल हैं, जो देश के प्रति उनके लगाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इंग्लैंड की खूबसूरती और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट इंग्लैंड को उनका पसंदीदा पोलो बनाते हैं। भारतीय पोलो के सबसे प्रतिभाशाली और प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक अभिमन्यु पाठक ने करीब एक दशक पहले पेशेवर रूप से खेलना शुरू किया। सोना पोलो टीम के सदस्य रहे, उन्होंने लगभग हर हाई गोल ट्रॉफी जीती है।

जयपुर पोलो सीजन 2025 : राजस्थान टूरिज्म पोलो कप

डायनामिक्स अचीवर्स के अभिमन्यु पाठक ने डबल हैट्रिक के साथ 9 गोल किये

इंटरनेशनल खिलाड़ियों मेन्युअल ने 7, सेंटिआगो मोरामबीओ ने 8 गोल किये

जयपुर, 29 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप (06 गोल) में आज चार मैच खेले गए । जिनमे दो मैच कैवेलरी ग्राउंड पर और दो मैच पीपीसी ग्राउंड पर खेले गए। कैवेलरी ग्राउंड पर पहला मैच डेल्टा पोलो बनाम आर्मी रेड के बीच 11 बजे खेला गया जिनमे आर्मी रेड को डेल्टा पोलो ने 10-9.5 से हराया।

आर्मी रेड की ओर से रविन्द्र मांग और मृत्यंजय ने 1-1 ,लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान ने 5 गोल किये वही डेल्टा पोलो की ओर से ध्रुवपाल गोदारा ने 2 ओर सेंटिआगो मोरामबीओ ने 8 गोल कर अपनी टीम की जीत निश्चित की। चौथे चक्कर मे सेंटिआगो मोरामबीओ हैट्रिक करने से चूके। कैवेलरी ग्राउंड पर दूसरा

मैच अरावली बनाम आर्मी ग्रीन के बीच 12 बजे खेला गया जिनमे आर्मी ग्रीन को अरावली ने 11-4.5 से हराया। आर्मी ग्रीन ढ़ाई गोल का एडवांटेज लिए हुए खेल रही थी। आर्मी ग्रीन की ओर से वारिच ओर राजपुरोहित ने 1-1 गोल किया। अरावली की ओर से डिनो धनखड़ ने 4, ओर मेन्युअल ने 7 गोल किये।

वही तीसरा मैच डायनामिक्स अचीवर्स बनाम सुजान इंडियन टाईगर्स के बीच पीपीसी ग्राउंड पर दोपहर 2 बजे खेला गया। डायनामिक्स अचीवर्स ने सुजान इंडियन टाईगर्स को 9-2 से हराया। डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से डेनियल ने 1, अभिमन्यु पाठक ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए 9 गोल कर टीम को जीताया। सुजान इंडियन टाईगर्स की ओर से कुलदीप सिंह और भवानी कालवी ने 1-1 गोल ही कर पाए।

चौथा मैच वीपोलो ओर मेफेयर/चांदना के बीच पीपीसी ग्राउंड पर 3 बजे खेला गया जिसमें वीपोलो को मेफेयर/चांदना ने 9-7 से पराजित किया। मेफेयर/चांदना की ओर से सिद्धांत शर्मा ने 5 ओर सिमरन शेरगिल ने 4 गोल किये। वही वीपोलो की ओर से मुकेश सिंह, हुर्र अली ने 2-2, ओर गोंजालो यनजोन ने 3 गोल किये पर अपनी टीम की हार नही टाल पाए।

गुरुवार को चार मैच खेले जाएंगे। जिनमे तीन मैच कैवेलरी ग्राउंड पर दोपहर 11.30 बजे आर्मी रेड बनाम मेफेयर/चांदना, 12.30 बजे बेंगलोर ग्रेज बनाम आर्मी ग्रीन, 1.30 बजे वीपोलो बनाम डेल्टा पोलो के बीच खेला जाएगा। वहीं रामबाग पोलो ग्राउंड पर शाम 4 बजे जयपुर बनाम सुजान इंडियन टाईगर्स के बीच खेला जाएगा।